हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 11 अप्रैल 2026

06 पीएम केयर्स योजना के अंतर्गत कलेक्टर...



07 मंडी में भूखंड आवंटन में बंदरवांट के बाद दो सचिवों पर निलंबन की...






# हरिपुर रोड से अतिक्रमण साफ कर नपा का संदेश "सड़क पर कब्जा अब बर्दाश्त नहीं"

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में लंबे समय से अनदेखी और लापरवाही के चलते बढ़ते अतिक्रमण पर आखिरकार नगर पालिका ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के हरिपुर रोड क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। बूढ़े बालाजी से हरिपुर रोड तक चली इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि अब सड़कें आमजन के लिए हैं, न कि अतिक्रमणकारियों के लिए।दरअसल, हाल ही में वार्ड क्रमांक 1 से 17 तक के पार्षदों के साथ आयोजित अनौपचारिक बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर खुलकर चर्चा हुई थी। पार्षदों ने एक सुर में बताया कि अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। कई जगहों पर लोगों ने सड़क पर स्थायी चबूतरे बना लिए थे और गुमठियां लगाकर व्यवसाय शुरू कर दिया था, जिससे सड़क की चौड़ाई लगातार कम होती जा रही थी।बैठक में मिले इन इनपुट्स को गंभीरता से लेते हुए नपा प्रशासन ने बिना देरी किए मौके पर पहुंचकर





कार्रवाई को अंजाम दिया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कई स्थानों पर विरोध की स्थिति भी बनी, लेकिन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। सड़क से अवैध निर्माण हटते ही क्षेत्र में यातायात सुचारु हुआ और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।सिर्फ अतिक्रमण नहीं, समस्याओं पर भी वारनगर पालिका की टीम ने केवल अतिक्रमण हटाने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि वार्ड 9 और 10 में पार्षदों द्वारा उठाई गई अन्य समस्याओं का भी मौके पर समाधान किया। नालियों में लंबे समय से भरे गंदे पानी की समस्या को तत्काल साफ कराया गया, वहीं पेयजल आपूर्ति में आ रही दिक्कतों को भी दुरुस्त किया गया। इससे स्थानीय नागरिकों को तत्काल राहत मिली।जनता को राहत, लेकिन सवाल बरकरारइस कार्रवाई से क्षेत्र में व्यवस्था तो सुधरी है, लेकिन बड़ा सवाल अब भी कायम है*क्या यह अभियान लगातार जारी रहेगा या फिर कुछ समय बाद हालात फिर पहले जैसे हो जाएंगे? शहर में कई ऐसे इलाके हैं जहां अतिक्रमण ने स्थायी रूप ले लिया है। यदि नपा प्रशासन नियमित रूप से निगरानी नहीं करेगा, तो हटाए गए अतिक्रमण दोबारा खड़े होने में देर नहीं लगेगी।जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की नहींइस पूरे मामले में यह भी साफ है कि अतिक्रमण केवल प्रशासनिक ढील का नतीजा नहीं, बल्कि नागरिकों की लापरवाही भी उतनी ही जिम्मेदार है। सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि दूसरों के अधिकारों का हनन भी है।कार्रवाई के दौरान नपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, पार्षद बृजेश सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।अब देखना यह है कि नपा की यह सख्ती अभियान बनेगी या सिर्फ एक दिन की कार्रवाई बनकर रह जाएगी।

## योजना तो बनी लेकिन बंद कमरों से बाहर निकलते ही घुट गया उसका दम

# 9 महीने बाद भी गुनिया की गोद से नहीं ढहा पाए अतिक्रमण की इमारतें

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जैसा कि कहा जाता है कि कुछ सरकारी योजनाएं बंद कमरों में बनकर वूही की फाइलों में ही दफन होकर रह जाती हैं। शायद यही हश्र गुनिया नदी के बहाव क्षेत्र में बेशर्मी से खड़े अतिक्रमण को हटाने की मुहिम का हो गया है। पिछले साल जुलाई के महीने में बाढ़ के बाद हरकत में आए प्रशासन ने योजना तो बनाई लेकिन 9 महीने बाद भी वह सार्थक संकल्प के साथ धरातल पर उतरती नजर नहीं आई। लगभग एक सैकड़ा मकानों को ढहाने का संकल्प जिम्मेदारों द्वारा लिया गया था लेकिन एक पुलिया को खुरचने और एक दो मकानों कोना गिरने के बाद यह मुहिम ठंडे बस्ते में चली गई। अब शायद फिर से वही मंजर देखने के लिए बारिश का इंतजार किया जा रहा है जिसे देखकर पूरा प्रदेश दहल गया था। लोगों के एक मंजिल तक के मकान जल मग्न हो गए थे कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा था।करोड़ों रुपए के माल मशरूका को नुकसान हुआ और चारों तरफ हा हा कार मच गया था।



फाइल फोटो

### हरकत में आया प्रशासन और बनी योजना

जुलाई 25 में शहर में आई बाढ़ के बाद प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। इस संबंध में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अभियान को दो चरणों में चलाने का निर्णय लिया गया। जिस पर पहले चरण में नदी किनारे अतिक्रमण हटाने पर फोकस किया गया। जहां प्रशासन द्वारा कुल 94 अतिक्रमण चिन्हित किए गए , जिनमें अधिकांश गैर-आवासीय थे और कई जगहों पर कोई निवास नहीं करता। इन स्थानों पर बिना अनुमति और कागजात के नए निर्माण भी किए जा रहे थे।अधिकारियों के अनुसार, इन चिन्हित अतिक्रमणों को प्राथमिकता के आधार पर हटाने की बात कही गई थी ।

### लगभग 400 अतिक्रमणों की पहचान हुई

एनजीटी के दिशा-निर्देशों और एचएफएल (हाउसिंग फॉर ऑल) मानकों को ध्यान में रखते हुए गुनिया प्रवाह क्षेत्र में लगभग 400 अतिक्रमण चिन्हित किए गए । मजे की बात तो यह थी कि गुनिया नदी के 15 मीटर तक के दायरे में ही करीब 350 से अधिक अतिक्रमण निकल आए , जिनमें से 94 निर्माण शासकीय भूमि पर बने हुए थे। पहले चरण में 94 गैर-आवासीय अतिक्रमणों को चिन्हित कर हटाने प्राथमिक तौर पर जोर दिया गया।

### फिर चंद दिन में ही फुस्स हुई कार्रवाई

गतवर्ष जुलाई माह में आई भीषण बाढ़ के बाद प्रशासन ने गुनिया नदी से अतिक्रमण हटाने की विस्तृत योजना बनाई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला मैदान में उतर गया यह देख लोगों को लगा कि अब उनका उद्धार होना तय है और अगली बार उन्हें बाढ़ का डर नहीं सताएगा ।लेकिन यह उम्मीद सिर्फ ख्वाबों और ख्यालों में ही पल कर रह गई ।जितने तामझाम के साथ प्रशासन मैदान में उतरा था उसकी दुगनी गति से बैकअप करके कुछ ही दिनों में हाथ पर हाथ धर के बैठ गया ।सिर्फ दो-चार मकानों के कोने तोड़ने और एक मजबूत पुलिया जिसके सामने प्रशासन का बुलडोजर हांफ गया था उसे खुरचने से ज्यादा कुछ हासिल नहीं हुआ।

### अब जहां जरूरत नहीं वहां हो रही है खुदाई

पिछले कुछ दिनों से प्रशासन द्वारा गुनिया नदी में सफाई अभियान और चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है जो अपने आप में हास्यास्पद बना हुआ है ।पिछले साल जिन इलाकों में गंभीर समस्या उत्पन्न हुई वहां का रूख ना करते हुए प्रशासन ने उन स्थानों पर नदी में जेसीबी उतार दी है जहां पानी का बहाव बड़ी आसानी से हो रहा है ।आखिर यह औपचारिकता करके सरकारी धन का अपव्यय करने के पीछे कारण क्या है यह समझ से परे है।

# सड़क किनारे खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लगी

## बड़ा हादसा टला- सुरक्षा पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के राघौगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे खड़ी एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। बिना किसी बाहरी कारण के उठी लपटों ने कुछ ही पलों में स्कूटी को आग के गोले में बदल दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूटी काफी देर से एक ही स्थान पर खड़ी थी। अचानक उसमें से धुआं उठना शुरू हुआ और देखते ही देखते आग भड़क गई। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि लोग शुरुआत में पास जाने से भी डरने लगे।हालांकि, स्थानीय लोगों की सूझबूझ और तत्परता ने बड़ा हादसा टाल दिया। आसपास मौजूद लोगों ने बाल्टियों और बोतलों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और कुछ ही मिनटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि भीषण गर्मी के चलते स्कूटी की बैटरी ओवरहीट हो गई, जिससे आग लगने की स्थिति बनी। हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।

**उठते सवालः** इस घटना के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं—क्या भीषण गर्मी में इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियां सुरक्षित हैं?क्या कंपनियां पर्याप्त सुरक्षा मानकों का पालन कर रही हैं?क्या बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम (BMS) पूरी तरह प्रभावी है?क्या उपभोक्ताओं को सही उपयोग और सावधानियों की पर्याप्त जानकारी दी जा रही है?लगातार बढ़ती गर्मी और इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग के बीच इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। प्रशासन और संबंधित कंपनियों को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# टीईटी विवाद पर भड़की शिक्षिका, विधायक कार्यालय में जोरदार बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की अनिवार्यता को लेकर प्रदेशभर में चल रहे विरोध के बीच गुना में बड़ा हंगामा देखने को मिला। अपनी मांगों को लेकर विधायक पन्नालाल शाक्य के कार्यालय पहुंचे शिक्षकों के बीच एक महिला शिक्षिका का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सरकार के फैसले पर तीखे सवाल उठाए। महिला शिक्षिका ने कहा कि 20–25 साल की सेवा के बाद दोबारा परीक्षा देना शिक्षकों के अनुभव और सम्मान का अपमान है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कलेक्टर से दोबारा UPSC परीक्षा देने को कहा जाए तो क्या यह संभव है? शिक्षकों का कहना है कि उनकी नियुक्ति उस समय हुई थी जब TET अनिवार्य नहीं था, इसलिए अब यह नियम लागू करना अनुचित है। इस दौरान बहस इतनी तीखी हो गई कि माहौल तनावपूर्ण बन गया और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया जा रहा है कि विधायक ने शिक्षकों की बात सुनकर आश्वासन भी दिया। शिक्षक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# झागर चौकी पुलिस ने विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शुक्रवार को गुना पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के निर्देशन में थाना धरनावदा थाना अंतर्गत झागर चौकी प्रभारी सउनि अनिल कदम एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा समाजसेवी प्रमोद भार्गव के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों, विशेष रूप से थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा । शिविर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों



के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया । रक्तदाताओं में सेवा एवं मानवता के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली । इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि रक्तदान एक महान दान है, जिससे कई जरूरतमंदों को नया जीवन मिल सकता है । एकत्रित किया गया रक्त विशेष रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के उपचार में उपयोगी सिद्ध होगा । पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस जनहितकारी पहल की स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना की गई तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की गई ।

## कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस व शासन की प्राथमिकता वाले बिंदुओं के संबंध में बैठक आयोजित

# शासन की सभी योजनाओं का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित रहे : संभागायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

संभागीय आयुक्त मनोज खत्री द्वारा कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस एवं शासन की प्राथमिकता वाले बिंदुओं के संबंध में बैठक आयोजित कर जिले के विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार, उद्योग एवं निवेश, खाद्य, सुशासन, ग्रामीण विकास तथा जनजातीय विभाग की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा करते हुए संभागायुक्त श्री खत्री ने निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन की समस्याओं का समय-सीमा में सकारात्मक निराकरण किया जाए।संभागायुक्त श्री खत्री ने डिजिटल लर्निंग के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर श्री कन्याल ने जानकारी दी कि समृद्धि केंद्र के माध्यम से स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल व्यापार, गवर्नेंस एवं सुरक्षा से संबंधित हाईटेक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे ग्रामीणों को विभिन्न सेवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस नवाचार के लिए देश के केवल तीन ग्रामों में




उमरी–आरी का चयन हुआ है, जो मध्यप्रदेश का एकमात्र चयनित ग्राम है।बैठक में खेतों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु फायर फाइटर का डेमो प्रस्तुत किया गया। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे ने बताया कि ऐसे स्थानों पर, जहां बड़े अग्निशमन वाहन नहीं पहुंच पाते, वहां फायर फाइटर अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। कलेक्टर श्री कन्याल ने बताया कि नरवाई जलाने की घटनाओं पर जिले में सख्त कार्रवाई की जा रही है तथा कृषकों को जागरूक करने हेतु लगातार चौपाल एवं संगोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं। 15 मार्च से 9 अप्रैल 2026 तक 25 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 62,500 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

संभागायुक्त ने सभी शासकीय विद्यालयों में बालिका शौचालय निर्माण शीघ्र पूर्ण करने तथा जर्जर भवनों के सुधार एवं आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण के निर्देश दिए।एलपीजी की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान जिले में पर्याप्त आपूर्ति होना बताया गया। कालाबाजारी के 16 प्रकरण दर्ज कर 26 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेशोत्सव से पूर्व पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित किया गया है तथा पोर्टल पर 87.32 प्रतिशत प्रविष्टियां दर्ज की जा चुकी हैं।कलेक्टर श्री कन्याल ने बताया कि प्रत्येक जनपद स्तर पर 10 मोटरों का "मोटर बैंक" स्थापित किया जा रहा है। साथ ही चौपेट नदी (राघौगढ़), डिगडोली तालाब (बमोरी) एवं कूनो नदी (गुना) के जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। "एक बगिया मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधों की गैप फिलिंग तथा वन विभाग एवं जनभागीदारी के माध्यम से 11 लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।संभागायुक्त श्री खत्री ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विकास कार्यों में गति लाने एवं आमजन को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## नगर के इवेंट

### "महादान का महाअभियान – एक यूनिट रक्त, तीन जिंदगियों को नया जीवन।"

**गुना।** समाज सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे रेलवे अस्पताल परिसर, गुना में एक भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रेलवे विभाग एवं जिला रक्त सेंटर, गुना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।इस शिविर का उद्देश्य जिले के 200 से अधिक बच्चों—जो थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और हीमोफिलिया जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं—की मदद करना है। आयोजकों के अनुसार रक्त की एक यूनिट तीन जिंदगियां बचा सकती है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की गई है। रक्तदाता की आयु आयुः 18 से 60 वर्ष वजन न्यूनतम 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिनः 12.5 या उससे अधिकबीपी या थायराइड नियंत्रित होने पर भी रक्तदान किया जा सकता है। आयोजकों ने जिलेवासियों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा है कि यह न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि किसी की जिंदगी बचाने का सबसे बड़ा माध्यम भी है। डॉ. गौरव प्रताप सिंह ,डॉ. अशोक कुमार , आर.बी. मीना , सचिन जैन ने अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। आइए, आगे बढ़ें और इस महादान में भाग लेकर किसी की जिंदगी बचाने का कारण बनें।

### धर्मांतरण के खेल पर चला म्याना पुलिस का हथौड़ा, पास्टर उत्तम और विकास बारेला पर केस दर्ज

**गुना।** जिले के मोहनपुर खुर्द गांव में चंगाई और चमत्कारिक इलाज के नाम पर चल रहे धर्मांतरण के सुनियोजित खेल के मामले मेंम्याना थाना पुलिस ने लंबी जद्दोजहद और साक्ष्यों के संकलन के बाद एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी पास्टर उत्तम बारेला और पास्टर विकास बारेला सहित उनके अन्य साथियों के खिलाफ मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3 एवं 5 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पिछले दो-तीन दिनों से पुलिस को इस मामले में किसी प्रत्यक्ष फरियादी की तलाश थी, जो अब ग्राम करोद निवासी बृजेश बैरागी के रूप में सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में साक्ष्यों के आधार पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गुना एयरपोर्ट के विकास व विस्तार को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में गुना एयरपोर्ट के समग्र विकास एवं विस्तार के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एयरपोर्ट के विस्तारीकरण, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ



जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री कन्याल ने एयरपोर्ट के विकास कार्यों को गति प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा सभी संबंधित एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया। कलेक्टर कन्याल द्वारा ईई पीडब्ल्यूडी एवं शा शिब फ्लाइंग एकेडमी को संयुक्त रूप से कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं नियामकीय प्रावधानों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि गुना एयरपोर्ट का विकास क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ-साथ औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजना के प्रत्येक चरण की नियमित समीक्षा की जाएगी, ताकि कार्य समयबद्ध एवं लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण हो सके।

### मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किया जा रहा भूमि संबंधी विवाद का निराकरण



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील आरोन अंतर्गत ग्राम डगराई में अनुविभागीय अधिकारी आरोन के मार्गदर्शन में वन विभाग, जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर जाकर ग्राम डगराई स्थित शासकीय भूमि सर्वे नंबर 373/1/1 रकवा 74.201 हेक्टेयर में से 30.000 हेक्टेयर भूमि पनहेटी मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत वन विभाग को आवंटित की गई थी। जिस पर अनावेदक महेंद्र सिंह पुत्र रामसिंह यादव, महेश पुत्र जयसिंह यादव निवासी डगराई द्वारा लगभग 9.000 हेक्टेयर भूमि पर फसल बोकर एवं कच्ची झोपड़ी बनाकर कब्जा कर लिया था आज सम्पूर्ण दल सहित जाकर जेसीबी से उक्त अबैध अतिक्रमण को मौके पर हटवाकर वन विभाग को आवंटित 30.000 हेक्टेयर भूमि का कब्जा मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही के माध्यम से सौपा गया एवं उक्त कार्यवाही का पंचनामा तैयार किया गया।इस कार्यवाही में प्रभारी तहसीलदार आरोन अमित जैन, नायब तहसीलदार कृष्णकांत चौबे, वन परिक्षेत्राधिकारी हेमंत भार्गव, एसडीओ जल संसाधन विभाग गुना महेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह बरैया, हल्का पटवारी प्रभात चौरसिया, पुलिस बल थाना आरोन एवं कोटवारगण अनावेदकगण सहित ग्राम पंचांन उपस्थित रहे।


## समाचार संक्षेप

### युवा नेतृत्व को नई उड़ान – रामकृष्ण नलखेड़ा बने गुना जिला युवा अध्यक्ष



**चाचौड़ा।** सर्व मीना समाज उत्थान संगठन ने संगठनात्मक मजबूती और युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए रामकृष्ण नलखेड़ा को गुना जिले का युवा अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा जिला गुना उपाध्यक्ष जगदीश सिंह मीना द्वारा की गई, जिन्होंने समाज में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बेहद आवश्यक बताया।इस अवसर पर जगदीश सिंह मीना ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज का समग्र उत्थान करते हुए शिक्षा, रोजगार और सामाजिक एकता को मजबूत बनाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि रामकृष्ण नलखेड़ा युवाओं को संगठित कर संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे और समाजहित के कार्यों को नई गति देंगे।नव नियुक्त युवा अध्यक्ष रामकृष्ण नलखेड़ा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार और जागरूकता के लिए एक मंच पर लाने का संकल्प भी दोहराया।संगठन के पदाधिकारियों और समाजजनों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा।

### 23 वर्षीय युवक का संदिग्धावस्था में नाले के पास मिला शव



**चाचौड़ा।** चाचौड़ा थाना क्षेत्र में 23 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत ने इलाके में शोक की लहर फैला दी है। मृतक की पहचान ग्राम नेस कला निवासी श्रीराम गुर्जर पुत्र लाखन सिंह गुर्जर के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार श्रीराम अपनी बहन के यहां भैंस की पड़िया छोड़ने गया था। शाम को जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। बाद में उसका शव झोरदा नाले के पास मिला। परिजनों ने शव को चांचौड़ा थाने में सूचित किया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया, जिसके बाद परिवार वाले शव को अपने साथ ले गए। वर्तमान में मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजन अभी तक मौत को संदिग्ध मान रहे हैं और पूर्ण जांच की मांग कर रहे हैं।

### पोषण अभियान अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**गुना।** पोषण अभियान अंतर्गत 8वें ''पोषण पखबाडा'' 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजित किया जाना है। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत जिला कार्यालय मबावि गुना में परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक समन्वयकों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में अब्दुल गफ्फार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि पोषण पखवाड़ा के आयोजन का उदेदश्य परिवारों और समुदायों में उन व्यवहारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना में जिससे परिवार एवं समुदाय बच्चों के स्वस्थ्य शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हो सके। इस वर्ष पोषण पखबाड़ा ''जीवन के पहले छह वर्षो में मस्तिक का अधिकतम विकास'' मुख्य थीम पर आधारित है।

# पीएम केयर्स योजना के अंतर्गत कलेक्टर ने लाभान्वित हितग्राहियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा पीएम केयर्स योजना के अंतर्गत जिले के लाभान्वित हितग्राही एवं उनके संरक्षकों के साथ समक्ष में आत्मीय संवाद स्थापित किया गया, जिसमें हितग्राहियों द्वारा बताया गया कि पीएम केयर्स योजना से प्रतिमाह मिलने वाली सहायता राशि से उनकी पढ़ाई निर्बाध रूप से चल रही है। साथ ही हितग्राहियों के द्वारा व्यक्तित्व विकास की गतिविधियों में भी भाग लिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि पीएम केयर्स योजना के पात्र हितग्राहियों के व्यक्तिगत बैंक खातों में 10 लाख रूपये जमा कराये जाने का प्रावधान है साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक प्रतिमाह 4000 रूपये की सहायता राशि प्रदान किये जाने का प्रावधान है। गुना जिला अंतर्गत कुल 13 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया था।

जिसमें से 08 हितग्राहियों की आयु 18 बर्ष से अधिक होने के कारण स्टायपेंड के माध्यम से लाभ प्रदान किया जा रहा है शेष 05 अवयस्क हितग्राहियों को प्रतिमाह राशि उनके एवं संरक्षक के संयुक्त बैंक खाते में प्रदान की जा रही है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हितग्रहियों को लीड बैंक मैनेजर गुना द्वारा वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।इस दौरान कलेक्टर कन्याल द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक 02 माह में समक्ष में बच्चों से संवाद करायें ताकि बच्चों को आने वाली समस्याओं का निराकरण तत्परता से कराया जा सके।

## दयावान करूणावान क्षमावान विवेकवान बनो : मुनि अविचल सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में विराजमान आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज ने बड़ा जैन मंदिर में उपस्थित साधर्मी जनों को दया धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकि जिनेन्द्र भगवान के अंग अंग से दया झलकती है। उस दया को तुम भी अपने जीवन में लाओ और अपनी आँखें अपनी वाणी अपने स्पर्श में दया लाओ।अपनी इंद्रियों को दया सिखाओ। सुबह उठने से लेकर दिन भर षट् कार्यों को करते हुए दया लाओ। किसी भी वस्तु को भी छुओ तो तुम्हारी उस छुअन में दया का भाव झलकना चाहिए।मुनि श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को दया धर्म के संदर्भ में अपनी बात को विस्तार देते हुए बताया कि क्या कभी तुमने ध्यान दिया है कि तुम्हारी बुद्धि में तुम्हारे कार्यों में दया है कि नही।तुमने कभी सोचा है कि नहीं कि तुम्हारी आँखों ने कभी किसी को दया से देखा है कि नहीं। तुम्हारे हाथों ने कभी किसी जीव जंतु को दया से छुआ है कि नहीं। तुम जब चलते हो तो तुम्हारे चलने में दया का भाव प्रतीत होता है कि नहीं। कभी तुमने अपने माता पिता पुत्र पुत्री नाती पोते गौशाला की गायों अथवा जीवों पर कुछ देर के लिए दया पूर्वक हाथ फेरा है कि नहीं। मुनि श्री ने उपस्थित श्रावकों से कहा कि अपने जीवन में जैन धर्म का पालन करने के लिए इंद्रियों का सही ढंग से उपयोग करना सीखो।



## सीएमओ ने डॉग शेल्टर हाउस का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा नगर पालिका परिषद गुना द्वारा जगनपुर चक्क हड्डी मिल के पास बनाए जा रहे डॉग शेल्टर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष धरम सोनी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान निर्मित हो रहे शेल्टर हाउस को शीघ्र तैयार कराने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री द्वारा तकनीकी अधिकारियों को दिए गए। सभी व्यवस्थाएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे शहर के आवारा डॉग्स को शेल्टर हाउस में व्यवस्थित किया जा सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजूषा खत्री ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद गुना द्वारा जगनपुर में डॉग शेल्टर हाउस का निर्माण किया जा रहा है जिसमें आवारा श्वानों का एबीसी कराई जाकर उन्हें सात दिन शेल्टर हाउस में रखा जाएगा। पूर्ण स्वस्थ होने पर उन्हें रेबीज के इंजेक्शन लगाए जाएंगे तथा शेल्टर हाउस से छोड़ दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पागल श्वानों को शेल्टर हाउस में स्थाई रूप से रखा जाएगा, जहाँ उनका उपचार व नियमित देखभाल की जायेगी। उन्होंने बताया कि, डॉग शेल्टर हाउस में शहर के नागरिक अपने श्वानों को रेबीज के इंजेक्शन भी लगवा सकते हैं।

## राघौगढ़ में पराली जलाने पर सख्ती 4 कृषकों पर 2500-2500 का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए चार कृषकों पर अर्थदंड लगाया है। आदेश में फसल कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष (पराली) जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि पर्यावरण, जन स्वास्थ्य एवं जीव-जंतुओं को होने वाली हानि को रोका जा सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राघौगढ़ एवं राजस्व पटवारी द्वारा किए गए निरीक्षण में चार कृषक प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करते पाए गए। इसके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राघौगढ़ द्वारा प्रत्येक कृषक पर 2500 का अर्थदंड आरोपित किया गया। संबंधित तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि आरोपित राशि की वसूली कर शासकीय कोष में जमा कराई जाए तथा चालान की प्रति प्रकरण में संलग्न की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि भविष्य में भी यदि कोई कृषक पराली जलाते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कृषक फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

## गेहूं उपार्जन व्यवस्था मजबूत करने वेयरहाउसों की होगी सघन जांच

गुना। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के सुचारू क्रियान्वयन के लिए शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिले के सभी वेयरहाउस में गेहूं भंडारण से संबंधित अभिलेखों, रिकार्ड एवं दस्तावेजों के परीक्षण के लिए मध्यप्रदेश कृषि गोदाम नियम, 1961 के नियम 33(3) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अधिकृत किया है। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डे ने बताया कि उपार्जन अवधि के दौरान गोदामों में भंडारित गेहूं की निकासी केवल कलेक्टर या उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही की जा सकेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुमति प्रदान करने से पहले संबंधित अधिकारी प्रकरण का गहन परीक्षण करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि समर्थन मूल्य योजना के तहत गेहूं विक्रय में किसी प्रकार का दुरुपयोग न हो।सभी गोदाम संचालकों को कृषि गोदाम नियम, 1961 के नियम 33 के अंतर्गत निर्धारित अभिलेखों का संधारण अनिवार्य रूप से करना होगा तथा जांच के दौरान अधिकृत अधिकारियों को उपलब्ध कराना होगा। यह आदेश गेहूं उपार्जन की अंतिम तिथि तक प्रभावी रहेगा। आदेश के उल्लंघन या किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# अक्षय तृतीया पर अनूठी पहल- 34 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में, युवाओं ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭बजरंगगढ़

आगामी वैशाख माह की पावन पर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्वाल समाज द्वारा ग्राम बजरंगगढ़ में एक भव्य स्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 34 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत करेंगे।इस वर्ष का यह सम्मेलन कई मायनों में विशेष और प्रेरणादायक है। आयोजन की पूरी जिम्मेदारी समाज के युवा वर्ग ने अपने कंधों पर लेते हुए इसे नई दिशा देने का प्रयास किया है। सभी जोड़ों की विवाह योग्य आयु पूर्ण होने के प्रमाण पत्र सुनिश्चित किए गए हैं, साथ ही वर-वधू पक्ष की आपसी सहमति भी ली गई है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। सम्मेलन के दौरान प्रत्येक नवदंपती को समाज की ओर से गृहस्थी की आवश्यक सामग्री भेंट की जाएगी, जिससे उनके नए जीवन की शुरुआत सहज हो सके।इस अवसर पर समाज द्वारा सामाजिक कुरीतियों, फिजूल खर्च और मद्यपान पर रोक लगाने का संकल्प भी लिया जाएगा, जो समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली युवाओं, शासकीय सेवकों, उद्यमियों और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान भी किया जाएगा, जिससे समाज में प्रेरणा और उत्साह का वातावरण बने।यह आयोजन न केवल विवाह का उत्सव होगा, बल्कि सामाजिक एकता, सादगी और जागरूकता का भी एक सशक्त संदेश देगा।



# जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर, बंदियों को बताए अधिकार




हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शुक्रवार को जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण, बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

निरीक्षण के दौरान निरूद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है। बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां रहने के दौरान आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। मन में हताशा एवं निराशा के भाव नहीं रखना चाहिए। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें। इसी क्रम में जिला जेल की पाकशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया।



## आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में स्थित हैंडपंप के पास श्रमदान कर सफाई की

ईसागढ़। सेक्टर क्रमांक 3 ढाकोनी में आंगनवाड़ी केन्द्र 1 पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बमनावर के सानिध्य में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जो कि 19 मार्च से 30 जून तक चलेगा जिसमे सेक्टर ढाकोनी के ग्राम बमनावर में हैंडपंप के आसपास साफ सफाई हेतु श्रमदान किया जिससे आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों को शुद्ध जल प्राप्त हो नवांकुर संस्था सचिव दिनेश कुमार सेन ने जल के महत्व के वारे में बताते हुए कहा कि आज हमे एक योजनाबद्ध तरीके से जल स्त्रोतों का संरक्षण करना होगा जिसमे सभी की सहभागिता हो अंत में प्रस्फुटन समिति सचिव आस्था रघुवंशी ने सभी का आत्मीय आभार व्यक्त किया और कहा कि समय समय पर परिषद द्वारा जो अभियान चलाया जाता है उसको जन अभियान बनाना परिषद का कार्य है। सभी को जल संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में आस्था रघुवंशी ,ममता चिडार,नीतू ओझा शिवम् शर्मा अभिषेक रघुवंशी, नवांकुर संस्था सचिव दिनेश कुमार सैन सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

# शिक्षक कांग्रेस ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा

**अशोकनगर।** शुक्रवार को मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस द्वारा चतुर्थ समय मान वेतनमान को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी के नाम से सहायक संचालक एनिस जैन को ज्ञापन सौंपा गया है। शिक्षक कांग्रेस जिला अध्यक्ष भोलाराम शर्मा द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 35 वर्ष की सेवाकाल पूर्ण होने पर सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक एवं शिक्षक संवर्ग को चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान दिए जाने की स्वीकृति देकर मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा दिनांक 1 अप्रैल 2026 को आदेश जारी कर दिए गए है। इसी क्रम में शिक्षक कांग्रेस द्वारा अशोकनगर जिले के सभी विकासखण्डों में कार्यरत एवं सेवा निवृत शिक्षक जिन्होंने उक्त पदों पर रहते हुए अपनी सेवाकाल के 35 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं। उन शिक्षकों की सूची अभिलंब जिला शिक्षा कार्यालय से जारी करवाई जाए ताकि सभी पात्र शिक्षक लाभान्वित हो सके। इसी मांग को लेकर संगठन के सभी पदाधिकारी, सेवानिवृत शिक्षको ने ज्ञापन सौंपा है। जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया को मोबाइल के माध्यम से ज्ञापन पढ़कर सुनाया गया जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने शीघ्र अतिशीघ्र आदेश निकालने का एवं समिति बनाकर उक्त आदेश का क्रियान्वयन करने का आश्वासन दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री बलराम शर्मा, जय सिंह अहिरवार, महेंद्र कुमार जैन कडेसरा, उदय प्रताप सिंह सिसोदिया, संतोष कुमार शर्मा, विश्व वीर सिंह रघुवंशी, रणवीर रघुवंशी, जड़ेल सिंह चैहान, राजेश चतुर्वेदी, जगदीश शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, संजय चैधरी, लखन देलवार, हसन खान, बालकिशन कुशवाह, अशोक श्रीवास्तव, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



# श्री आनंदपुर ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय सुखपुर हॉस्पिटल के 49 वर्ष पूर्ण




**ईसागढ़।** जिले की ईसागढ़ विकासखंड में स्थित श्री आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा सुखपुर हॉस्पिटल जिसका शुभारंभ 8 अप्रैल 1977 को हुआ था जिसके आज 49 वर्ष पूर्ण होने पर मैनेजिंग ट्रस्टी महात्मा शब्द सागर आनंद ने बधाई देते हुए कहा कि श्री श्री 108 श्री सदगुरु महाराज की अपार कृपा से सुखपुर अस्पताल ने मानवता की निष्काम सेवा करते हुए अप्रैल 2026 को 49 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं।

इस निष्काम सेवा के यज्ञ में सुखपुर अस्पताल में कार्यरत समस्त डॉक्टरो ,नर्सिंग स्टाफ, वरिष्ठ स्टाफ एवं कनिष्ठ स्टाफ अपने परिश्रम, समर्पण तथा रोगियों के प्रति आदर्श, करुणा, सहानुभूति ,विनम्रता, सद्भावना एवं मानवता से युक्त उत्कृष्ट प्रबंधन द्वारा अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है श्री आनंदपुर ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय सुखपुर में इन 49 वर्ष में करोड़ों की संख्या में मरीजों का उपचार किया जा चुका है।

दयानिधान करुणा सागर श्री सदगुरु देव महाराज जी के चरणारविंदों में समस्त सुखपुर अस्पताल स्टाफ विनती करता है की श्री सदगुरु देव दाता दीनदयाल महाराज हम सब सेवकों पर अपनी असीम कृपा दृष्टि बनाए रखें अपना शुभ आशीर्वाद देवें। जिससे हम सब अधिक प्रेम ,लगन व करुणा भाव से निष्काम सेवा करते हुए अधिक से अधिक मरीजों को लाभ दे सके।

## भोपाल जोधपुर एक्सप्रेस के मई में 7 ट्रिप निरस्त रहेंगे

अशोकनगर। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में मई माह में नानइंटरलॉकिंग कार्य के चलते के चलते भोपाल से संचालित ट्रेन भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के कुछ फेरे निरस्त रहेंगे जिसका विवरण निम्नानुसार है। 1.गाडी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 03,04, 05, 08, 12, 13 एवं 14.05.26 को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी। 2.गाडी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 02,03, 04, 07, 11, 12 एवं 13.05.26 को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों से असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है तथा सहयोग की अपेक्षा करता है। यह कार्य भविष्य में बेहतर संरक्षा, गति एवं परिचालन सुविधा सुनिश्चित करने हेतु किया जा रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व अपनी गाड़ी की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

# किसान जब खरीदी केंद्र पर पहुंचे तो तौल नहीं की, किसानों ने जाम लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



स्थानीय कोलुआ रोड़ पर शुक्रवार को अपनी फसल लेकर खरीदी केन्द्र पर माल तुलाई के लिए पहुंचे किसानों ने माल की तौल न किए जाने के विरोध में जाम लगाया। किसानों का कहना था कि उन्हें 10 अप्रेल को फसल की तौल कराने का मैसेज आया था किन्तु खरीदी केन्द्र पर यह कहा गया कि मंगलवार से खरीदी की जाएगी, जिससे नाराज किसान अपनी टेक्टर-ट्राली लेकर सडक पर जाम लगाने पहुंचे गए।

जिले में चना और मसूर की खरीदी की जाना है जिसके लिए किसानों ने पंजीयन कराए थे, स्लॉट बुक होने के बाद उन्हें मैसेज भेजे गए थे, जिन किसानों को 10 अप्रेल का मैसेज मिला था वह अपना माल लेकर जब तुलाई के लिए पहुंचे तो उनके माल की तौल नहीं की गई, जिससे किसान विरोध में उतर आए।

### कलेक्टर के पहुंचने पर माल की तौल की गई

किसानों की विरोध करने की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर साकेत मालवीय मौके पर पहुंचे और विरोध जता रहे किसानों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को परेशान होने की जरूरत नहीं है जिस तारीख के उन्हें मैसेज मिले हैं उसी तारीख में उनके माल की तौल की जाएगी। जिसके बाद कलेक्टर द्वारा किसानों के माल की तौल कराई गई, कलेक्टर के आश्वासन और माल की तौल शुरू होने के बाद विरोध जता रहे किसानों ने अपना आंदोलन वापिस ले लिया।

## स्कूलों में पेयजल परीक्षण कार्यक्रम आयोजित।

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शुक्रवार को जिला शिक्षा केन्द्र एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय विद्यालयों में पेयजल परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत शासकीय विद्यालयों में जल परीक्षण किट के माध्यम से स्कूलों के पेयजल का परीक्षण किया गया। जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्र.02 अशोकनगर, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालक छात्रावास अशोकनगर, शासकीय माध्यमिक विद्यायल मोहरी राय, प्राथमिक विद्यालय तूमैन, माध्यमिक विद्यालय तूमैन में पेयजल परीक्षण किया गया। इस दौरान पेयजल स्त्रोतो का पीएच, क्लोरीन कठोरता, क्लोराइड, नाइट्रेट, टर्बोडिटी, फलोराइड, अल्कालिनिटी, अमोनिया का परीक्षण किया गया। जिसमें सभी स्त्रोत सुरक्षित एवं पीने योग्य पाये गये। जल परीक्षण कार्यक्रम में जिला शिक्षा केन्द्र से डीपीपी राहुल शर्मा, विक्रम सोनी सहायक यंत्री, दिनेश शर्मा, जनशिक्षण, लोक स्वास्थ्य

# देहदान, अंगदान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया




हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में देहदान/अंगदान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

विशेष अतिथि के रूप में डॉ विजय सिंह विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि देहदान महादान होता है इससे बड़ा दान और कुछ नहीं हो सकता। इसमें हम अपने जीवन समाप्ति के बाद भी समाज की सेवा कर पाते हैं इस ओर हमें आगे आना चाहिए। विशेष अतिथि डॉ. विजय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि देह दान करना अपने आप में गौरव की बात है कि हम मरने के बाद भी किसी जरूरतमंद को जीवन दान देकर जाते हैं और चिकित्सा जगत को अनुसंधान के नए रास्ते खोल कर जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन मोनिका नामदेव ने किया कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ से संगीता, प्रवीण कौशिक, अरविंद कौशिक सहित 125 विद्यार्थियों ने सहभागिता की अंत में प्राची जैन ने पधारे हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### शनिवार को विद्युत प्रदाय 11 बजे तक प्रभावित रहेगा

**अशोकनगर।** शनिवार को 33/11 केव्ही उपकेन्द्र अशोकनगर से संबंधित फीडर पर प्री मानसून मेंटनेंस का कार्य होने से नगेश्री फीडर के अंतर्गत आने वाले अंबेडकर भवन, नगेश्री चैराहा, हिरियों के टपरा, कछियाना मोहल्ला, मोहरी रोड, आदि स्थानों पर विधुत प्रदाय सुबह 8 से दोपहर 11 बजे तक प्रभावित रहेगा।

### 16 वर्षीय किशोर मृत अवस्था में मिला

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम भुगावली थाना नईसरायं निवासी सुमित पुत्र अरबिन्द यादव उम्र 16 की गुमसुदगी का मामला उसके पिता अरबिन्द यादव ने दर्ज कराया था। बाद में युवक की बालिका छात्रावास के सामने वाले तालाब में डूबने से मौत हो गई, जिस पर से पुलस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाल्मीक मंदिर के पास निवासी जयप्रकाश कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चिन्टा कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी दीपक कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेजी पठार निवासी राधे आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुंशी और राजकुमार आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मैनाई निवासी मलखान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चन्द्रेश सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचमउआ निवासी भरत लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उदय लोधी और अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अजीज कॉलोनी निवासी अख्तर खां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अलीम मौलाना और सलीम मौलाना ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पानी की टंकी के पास निवासी नेतराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जीतू, धर्मेन्द्र और तुलसी अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### आयुष विभाग द्वारा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अशोकनगर।** आयुष विभाग अशोकनगर द्वारा शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस हैनीमैन जयंती के उपलक्ष में आयुष्मान आरोग्य मंदिर अमरोद ,शासकीय होम्योपैथी औषधालय अर्रोन एवं विल्हेरू पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में स्वास्थ्य शिविर एवं योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### 176 भू-खंडों में 60 भूखंड अपात्रों को प्रदान किए गए

# मंडी में भूखंड आवंटन में बंदरवांट के बाद दो सचिवों पर निलंबन की कार्रवाई

#### नियम विरूद्ध प्लॉट अर्जित करने वालों पर कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर


नई कृषि उपज गल्ला मण्डी अशोकनगर में भू खण्डों के आवंटन में हुए बड़े घोटाले को लेकर मण्डी बोर्ड के संचालक कुमार पुरूषोत्तम द्वारा जांच कराई गई थी, जांच में अनियमित्ता पाए जाने पर प्रबंध संचालक भोपाल द्वारा अशोकनगर के तत्कालीन सचिव और आरोन मण्डी के वर्तमान सचिव मनोज शर्मा और अशोकनगर मण्डी के प्रभारी वर्तमान सचिव भागीरथ अहिरवार पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। इस निलंबन के बाद करोड़ों के हुए घोटाले का क्या होगा, क्या यह भूखण्ड निरस्त किए जाएगें, जिन्हे भूखण्ड नहीं मिले हैं उनकी मांग पर कोई विचार होगा या नहीं इस बात का भी इंतजार है।

अशोकनगर गल्ला मण्डी में एक भूखण्ड की कीमत लाखों रूपए है, यहां पुरानी गल्ला मण्डी के साथ नई गल्ला मण्डी का निर्माण मोहरी की पठार पर किया गया था, अशोकनगर में गल्ला व्यापारियों में एक व्यापारी की 5-5 फर्म तक हैं, ऐसे कईं व्यापारियों ने एक से अधिक भूखण्ड मण्डी में अर्जित कर लिए। कईं व्यापारी तो ऐसे हैं जिन्होंने भू खण्ड अर्जित करने के लिए मण्डी में लायसेंस बनवाया और भू खण्ड प्राप्त कर लिया। जबकि नियम यह है कि कम से कम व्यापारी को 5 साल तक मण्डी में व्यापार करने की पात्रता होनी चाहिए, लेकिन इन नियमों को कोई पालन नहीं हुआ, जिसे अधिकारियों ने चाहा उसे भूखण्ड प्रदान कर दिए। मण्डी में नियमित व्यापार करने वाले गल्ला व्यापारी अलग हैं और कपड़ा, किराना और बर्तन का कारोबार करने वाले व्यापारी अलग हैं जो सिर्फ मण्डी में स्टॉक के लिए माल खरीदने जाते हैं, बांकी पूरे वर्ष भर उनके मण्डी के व्यापार से कोई लेना देना नहीं हैं।




#### भू-खंडों के आवंटन में शासन को 15 करोड़ की क्षति हुई

नई गल्ला मण्डी में कुल 176 भूखण्ड हैं जिनका आवंटन फर्जी तरीके से किया गया है, इस तरह के आवंटन की प्रक्रिया में मण्डी के तत्कालीन अधिकारी शामिल रहे हैं जिससे मण्डी को 15 करोड़ रूपए की क्षति हुई है। यह सम्पूर्ण आवंटन नई मण्डी का निर्माण 2020 में होने के बाद किया गया। नई मण्डी में मण्डी सचिव तत्कालीन रूप से मनोज शर्मा थे, और भार साधक अधिकारी का जिम्मा यहां पदस्थ होने वाले अनुविभागीय अधिकारियों पर था। इसके बाद भी भूखण्ड आवंटन में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।



#### तीन सदस्यीय कमेटी द्वारा की गई थी जांच

इस सम्पूर्ण मामले की जांच 3 सदस्यीय कमेटी के द्वारा की गई थी जिसमें अशोकनगर मण्डी के वर्तमान सचिव भागीरथ अहिरवार और तत्कालीन सचिव रहे मनोज शर्मा पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। जिसमें कहा गया है कि मण्डी का सचिव कार्यपालन अधिकारी होता है जिसकी जिम्मेदारी नियमों का पालन कराने की है। निलंबन के बाद उन्हें राज्य कृषि विपणन बोर्ड, ऑचलिक कार्यालय ग्वालियर में पदस्थ किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं, जबकि आरोन मण्डी के सचिव मनोज शर्मा को भी ऑचलिक कार्यालय ग्वालियर भेजा गया है।

#### 176 भूखण्डों 26 व्यापारियों ने अन्य को प्लाटों का विक्रय कर दिया

176 भू खण्डों में 60 ऐसे व्यापारी हैं जिनका मण्डी में अनुभव एक वर्ष से भी कम था, जिन्हे भूखण्ड आवंटित कर दिए, भूखण्ड आंवटन होने के बाद 26 व्यापारियों ने इन्हें अन्य लोगों को विक्रय कर दिया, और मण्डी से उन्होंने अपने नाम करा लिए।

#### 5 साल मंडी में काम करने के अनुभव का उंल्लघन हुआ

मण्डी में भू खण्डों की बंदरवांट को लेकर भाजपा नेता राजीव जाट द्वारा मण्डी बोर्ड भोपाल को इसकी शिकायत भी की गई थी, जिसकी जांच भी कराई गई। मण्डी बोर्ड भोपाल द्वारा भूखण्ड अर्जित करने वाले व्यापारियों को भी नोटिस जारी किए गए थे जिसमें कहा गया था कि मण्डी के नवीन प्रांगण में धारा 32 के अंतर्गत जो अनुज्ञिपति धारी हैं जिन्हे पूर्व प्रांगण में भूमि संरचना आवंटित हैं और जो नीलामी की तारीख से कम से कम 5 वर्ष तक क्रियाशील रहे हैं, उन्हे नीलामी में प्राथमिकता दी जाएगी, यदि आप शर्तों में पात्र नही रहते हैं तो आपका आवंटन निरस्त किये जाने के योग्य हैं। इसके अलावा यदि आपके द्वारा विगत 5 वर्षों से मण्डी समिति में कोई मण्डी शुल्क जमा नहीं किया गया है और आप क्रियाशील नहीं हैं तो आपका आबंटन निरस्त किया जा सकता है। इस तरह के सूचना पत्र भी व्यापारियों को जारी किए गए थे। मण्डी में आवासीय भूखण्डों के साथ मण्डी के मुख्य द्वार के पास जो दुकानें बनाई गई हैं उसमें भी नियमों का पालन नहीं किया गया है। अनियमित्तओं के आधार पर यह कार्यवाही की गई है।

### टीकाकरण लक्ष्य पूरा करने पर मंथन

## कलेक्टर से स्टेट आरआई टीम ने की मुलाकात




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय से शुक्रवार को राज्य स्तर से आए सूर्यप्रकाश दीक्षित ने जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत के साथ मुलाकात की। इस दौरान जिले में चल रहे एचपीवी वैक्सीनेशन एवं नियमित टीकाकरण की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही जिले में एचपीवी वैक्सीन का लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के लिए विशेष कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। सीएमएचओ डॉ. अल्का त्रिवेदी के नेतृत्व में जिलेभर में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को गति देते हुए आज भी सेशन साइट संचालित की गईं। इन सभी केंद्रों पर किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने का कार्य किया गया। जिला अस्पताल अशोकनगर में आयोजित सेशन के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने अपनी पुत्री दर्पिता सिंह को भी स्टेट टीम की उपस्थिति में एचपीवी वैक्सीन लगवाई। इसके माध्यम से उन्होंने समाज को यह संदेश दिया कि एचपीवी वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रभावी है। वैक्सीनेशन उपरांत दर्पिता सिंह को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया।

इसके पश्चात स्टेट एवं जिला टीम ने अर्बन क्षेत्र की आंगनबाड़ी क्रमांक 62 का निरीक्षण किया। जहां 8 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। टीम ने केंद्र की व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण एवं टीकाकरण कार्य की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया।

### साधना सप्ताह अंतर्गत मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण आयोजित



**अशोकनगर।** कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन हेतु मिशन कर्मयोगी के तहत साधना सप्ताह का आयोजन 02 अप्रैल से 10 अप्रैल तक किया गया। जिले की समस्त तहसीलों, समस्त कार्यालयों एवं ई-दक्ष केन्द्र में कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शासकीय सेवकों के लिए आईगोट कर्मयोगी पोर्टल पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कम से कम 4 घंटे का प्रशिक्षण और न्यूनतम 10 कोर्स पूरे करना अनिवार्य किया गया था।

## विश्व हिंदू परिषद समरसता यात्रा 12 अप्रैल से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विश्व हिंदू परिषद समरसता यात्रा 12 अप्रैल को बाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होगी, इस हेतु रविदास मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई, और समरसता यात्रा को लेकर रूपरेखा तय की गई।

बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रमुख अर्चक मंदिर आयाम डॉ दीपक मिश्रा ने कहा कि संत रविदास जी ने धर्म के लिए सब प्रकार यातनायें सहन कीं। मुगलों ने उन्हें जेल में डाल दिया पर उन्होंने धर्म नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा वेद धर्म छोड़ू नहीं, कोशिश करो हज़ार, तिल तिल गोदो, चाहे काटो अंग कटार। यहां से महान संत को नमन करते हैं इन संतों ने हिंदू समाज को बचाया है। आज हिंदू समाज में समरसता की आवश्यकता है, इसलिए सभी समाज जन समरसता यात्रा में भाग लेकर हिंदू तन मन जीवन अपना एक करें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दिनेश जैन ने कहा हिंदु हम सब एक हैं यह भाव समाज में रहना चाहिए। रविदास समिति के अध्यक्ष कैलाश धुरेटे ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है जो हमारे संतो ने चाहे रविदास जी हो जय बाबा साहब अंबेडकर जी हो सब ने मानव सेवा चुनी। इसलिए, हम सबको मानव सेवा के नाते मानव धर्म हिंदू धर्म के लिए समर्पित होना होगा। विकास जैन बल्ली ने बैठक का संचालन किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रविदास के अनुयायी उपस्थित रहे जिनमें भगवान सिंह, शिवाजी सरगया, पार्सद मनीष धुरेटे, महेंद्र सिंह, मनोज सिंह, देवीलाल, बाबूलाल, लटूरा आदि शामिल रहे।






## हनुमान मंदिर में चोरी से हड़कंप

**चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर किए एम्प्लीफायर एवं माइक्रोफोन पार**

**पिपरई।** नगर के वार्ड नंबर 09 में प्रसिद्ध हनुमानजी मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर श्रद्धालुओं को स्तब्ध कर दिया। चोरों ने देर रात मंदिर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे एमप्लीफायर एवं माइक्रोफोन चोरी कर लिए।

घटना की जानकारी सुबह जब पुजारी नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो मंदिर का टूटा ताला देखकर हुई। इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

मंदिर में चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है और लोगों ने जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।


## पिपरई में आग लगने की घटना में दो बाईक व घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

पिपरई कस्बे में बीती रात आग लगने की घटना में दो बाईक और घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया है। यह घटना बीती रात 03 बजे हुई, जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक सामान जलकर नष्ट हो गया था।

आग लगने की यह घटना बद्रीप्रसाद पुत्र अयोध्याप्रसाद श्रीवास्तव उम्र 75 साल निवासी रामलीला मैदान के घर पर हुई। राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि करीबन रात 03.00 बजे की बात हैं, कि मैं तथा मेरी पत्नी उमादेवी श्रीवास्तव अपने घर में सो रहे थे तभी आवाज आई तो में उठा तो मैंने अपना दरवाजा खोलकर देखा आगन में रखी दो मोटर साईकिलों में भयंकर आग लग रही थी। फिर में हनुमान मंदिर पर गया और वहा पर रामायण पड़ रहे लोगों को बुलाकर लाया और आग बुझाई। आग लगने से मेरे घर में रखी 2 मोटरसाईकिल, पानी की टंकी, सोफासेट व अन्य घरेलू सामान जल कर नष्ट हो गया





जिनकी कीमत करीबन एक लाख रूपये करीबन का नुकसान हो गया है। आग किसने लगाई मुझे कोई जानकारी नहीं है। इस घटना के विषय में पिपरई थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आगजनी क्रमांक 05/026 कायम कर पुलिस ने जांच में लिया हैं। आग लगाने वाला व्यक्ति सीसीटीवी कैमरा की फुटेज में दिखाई दे रहा है अब पुलिस उस व्यक्ति को ढूंढ रही है।

इस पहले भी यहां आग लगने की दो और घटनाएं और हो चुकी हैं जिनमें पहले बैंक मैनेजर भरोसीलाल बरैया के मकान के बाहर रखी चार पहिया गाड़ी पर भी आग लगी थी। यह घटना भी रामलीला मैदान की थी अब यह दूसरी घटना है जो रामलीला मैदान में रहने वाले बद्री प्रसाद श्रीवास्तव के मकान की है यह मकान दोनों पास पास में बने हुए हैं। एक आगजनी की घटना इससे पहले तहसील परिसर के पास तुलसीराम विश्वकर्मा के खेत पर बने पक्के मकान में घटना हुई थी जिसकी पिपरई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें आग लगने से मकान में रखे टेंट का सामान 500 जोडी रजाई गद्दे, करीबन 10 कुंटल धनिया, करीबन 9 कुटल सरसों, करीबन 6 कुंटल के लहसन व दबाई स्प्रे के 4 पंप, टमाटर रखने की 50 क्रेट, 600 फिट पाइप लेजम व करीबन 1 पल्ली गेंहू का भूसा आदि में आग लगने से करीबन 5 से 6 लाख रूपये का नुकसान हो गया था।

## समय पर वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर कर्मचारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण बी पेक्स संस्थाओं के कर्मचारी शुक्रवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि बी पेकस संस्थायें जिला अशोकनगर के समस्त कर्मचारी समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण परेशान होकर अब अपनी अन्य विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार से अनिश्चित कालीन कलम बंद हड़ताल पर चले गये हैं। जिसके कारण अब जिले में होने बाली गेंहू, चना एवं मसूर की खरीदी पर संकट मंडरा गया है। और साथ ही साथ उपभोक्ताओं को मिलने वाला राशन भी बंद रहेगा। और संस्थाओं के सभी काम ठप्प पड़ गये हैं।

#### खास बातें

- आज दिनांक तक की शेष सम्पूर्ण वेतन का भुगतान किया जावे। 2 संस्था वायलोज, पंजीयक, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें जिला अशोकनगर के विभिन्न आदेशों के अनुसार नई कलेक्टर दर से वेतन का भुगतान किया जावे।
- पंजीयक, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें जिला अशोकनगर के विभिन्न आदेशों के अनुसार अतिरिक्त मानदेय का भुगतान किया जावे।
- आगे से हर माह की वेतन का भुगतान समय पर किया जाए

## भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

शाढ़ौरा में भारतीय जनता पार्टी मंडल का प्रशिक्षण वर्ग साहू मैरिज गार्डन में आयोजित हुआ, जिसमें मंडल के अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास एवं कार्यपद्धति से अवगत कराते हुए आगामी चुनावों के मद्देनजर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना रहा।

प्रशिक्षण सत्रों में भाजपा के इतिहास, वैचारिक आधार, संगठन की रीति-नीति, बूथ प्रबंधन की रणनीति तथा सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत बूथ ही चुनावी सफलता की कुंजी होता हैं, इसलिए कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं अशोकनगर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत हैं और बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना प्राथमिक जिम्मेदारी हैं।



समापन सत्र में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी एवं पूर्व विधायक जजपाल ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए प्रशिक्षण वर्ग को संगठन की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। अन्य वक्ताओं में जिला उपाध्यक्ष केशव राव जोशी, जिला मंत्री धर्मेन्द्र रघुवंशी तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष सुधीर रघुवंशी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सीताराम काकाजी, विजय सिंह रघुवंशी, शिवराज सिंह रघुवंशी, शाढ़ौरा नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कनारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रघुवंशी, रणवीर सिंह, महामंत्री अनिल रघुवंशी, मुनेश अहीरवार, सुरेंद्र सिंह, भूपेन्द्र दुबे, भूपेन्द्र बुधौलिया, मुकेश शर्मा, राकेश रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों की जानकारी मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी ने साझा की, जबकि मंच संचालन हर्षित जैन ने किया।

#### मंडी संचालन हेतु व्यवस्थाओं के संबंध में दिए निर्देश

## कलेक्टर ने फसल नीलामी प्रक्रिया का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को नवीन कृषि उपज मंडी अशोकनगर पहुंचकर फसल नीलामी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों द्वारा कृषि उपज मंडी में लाने वाली फसल की नीलामी एवं तौल समय से की जाए। जिससे किसानों को फसल विक्रय हेतु आसानी हो सके। उन्होंने मंडी प्रबंधन को निर्देशित किया कि किसानों और व्यापारियों के बीच सामंजस्य बना रहे। साथ ही फसल नीलामी की निरंतर मॉनिटरिंग रखी जाए। उन्होंने कृषि उपज मंडी में किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से संवाद करते हुए फसल नीलामी के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि किसानो द्वारा फसल विक्रय हेतु आने वाली ट्रालियों को व्यवस्थित लगाए जाने के संबंध में टोकन व्यवस्था संचालित किए जाने की निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों एवं किसानों के साथ बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मंडी में आने वाले किसानों को शुद्ध पेयजल, छाया, कैंटीन संचालन एवं पर्याप्त साफ सफाई के संबंध में मंडी प्रबंधन को निर्देश दिए।

## कुरावर में अन्नदाताओं ने अपनी फसल को बिक्री करने मंडी प्रांगण में पहुंचाया

# गेहूं खरीदी शुभारंभ, विधायक ने किसानों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं बनाने पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

समीप कांकरिया मार्ग स्थित गुरु कृपा वेयरहाउस एवं प्रिंस वेयरहाउस में शनिवार सुबह क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने विधिवत पूजन कर गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कांटे की पूजा कर खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत की और उपस्थित किसानों का साफा, माला व तिलक लगाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में किसान प्रमोद मीणा, अशोक मीणा, राजकुमार मीणा एवं विजेंद्र कुमार का विशेष रूप से सम्मान किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर बैठने की व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता एवं गर्मी से बचाव के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। साथ ही किसानों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने पर भी जोर दिया।

विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा था कि सरकार गेहूं खरीदी नहीं करेगी, जबकि प्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर किसानों का गेहूं खरीद रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

कार्यक्रम को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृज किशोर मीणा ने भी संबोधित किया। संचालन रवि पाल एवं अशोक मीणा ने किया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री रामेश्वर नायक, लखन राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष मुरारी मीणा, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, वेयरहाउस संचालक अनोखी लाल कोटिया, मंडल मंत्री मनोहर

### समर्थन मूल्य केंद्रों पर गेहूं खरीदी प्रारंभ, स्लॉट बुक करने में आ रही समस्या

**सारंगपुर।** सारंगपुर सहित पूरे जिले में खरीदी केंद्र पर शुक्रवार को विभिन्न जन प्रतिनिधियों ने पहुंचकर तोल कटो का पूजन करते हुए पंजीकृत किसानों का सम्मान किया ,समर्थन मूल्य पर प्रति कोंटाल 2585 रुपए के साथ बोनस अलग से निर्धारित किया गया है। इसी के तहत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सांडावता, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति हराना,प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति मऊ पढ़ाना,प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति खजुरिया घाटा,प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति बालोडी,प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति पाडल्या माता,विपणन सहकारी समिति सारंगपुर सहित लाड़ली बहना समूह एवं बुद्ध समूह के द्वारा पंजीकृत किसानों के गेहूं की तुलाई का श्री गणेश किया है। किसानों ने बताया कि 1 अप्रैल से खरीदी चालू होना थी,जो दस दिन लेट शुरू हुई है उसमें भी बड़े किसानों को स्लॉट बुक करने में परेशानी आ रही हैं पोर्टल पर छोटे छोटे किसानों का स्लॉट बुक हो रहा है,ऐसे में किसानों को पैसे की आवश्यकता है और बाजार में गेहूं का भाव न्यूनतम है,समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के इंतजार में किसान आस लगाकर बैठा है किसान शिव सिंह,चंदर सिंह आदि किसानों ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि पोर्टल पर सभी आवेदन कर्ताओं का अधिक से अधिक स्लॉट बुक हो ताकि किसान अपनी गेहूं की फसल तुलाकर बाजार से जरूरत का सामान खरीद सके एवं बैंक आदि की देनदारी समय पर जमा कर सके,शासन को इस और उचित कदम उठाने के लिए किसान अपने स्थानीय जनप्रतिनिधि से भी मांग कर रहे हैं।

**इनका कहना हैं**

₹स्लॉट बुक करने की अभी किसी किसान की शिकायत नहीं आई है अगर कोई शिकायत आती हैं तो उसका निराकरण किया जायेगा।

आर के पांडे
प्रबंधक जिला सहकारी बैंक सारंगपुर,

₹सभी खरीदी केंद्र के संचालकों को निर्देशित किया है कि स्लॉट बुक क्रमां अनुसार ही गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से करे अनियमिताएं पाए जाने पर कार्यवाही की जावेगी।

**गोपाल सिंह चौहान,** नायब तहसीलदार एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी सारंगपुर,

### एसडीएम सारंगपुर ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण दिए निर्देश

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश शासन की और से गेहूं चना मसूर के लिए खरीदी केंद्र निर्धारित किए हैं इन केंद्रों पर पंजीकृत किसान शुक्रवार से अपनी फसल लेकर पहुंच रहे हैं इन केंद्रों पर किसानों को दी जाने वाली सुविधा का भौतिक निरीक्षण करने के लिए एसडीएम रोहित बम्होरे अपनी टीम के साथ पहुंचे और खरीदी केंद्र पर रखी फसल का अवलोकन किया साथ ही खरीदी केंद्र संचालक एवं गोदाम संचालक को निर्देश दिए।

### रूचि एग्रो इन्फेक्शन पर पर गेहूं खरीदी शुरू

**जीरापुर।** नगर में सहकारी समितियों के द्वारा गेहूं खरीदी शुरू की गई। इस तारतम्य में तमोलिया जोड़ स्थित रुचि एग्रो इन्फेक्शन शाहबाजपुरा जीरापुर में सरकारी गेहूं की खरीदी चालू की गई। जहां पर विधायक हजारीलाल दांगी तहसीलदार कमल सोलंकी , गिरिराज टांक , अंकुर टांक पटवारी जगदीश चौहान , सत्यनारायण रुहेला, सर्वेयर घनश्याम लववंशी, ग्राम सेवक आकांक्षा , समिति प्रबंधक भगवान सिंह सहित किसान मोजूद थे जहां पर किसानों को माला पहनाकर स्वागत किया तथा तोल प्रारम्भ कर शुभारंभ किया गया।

## खुजनेर में विकास की रफ्तार तेज

# गोशाला में जैविक खाद निर्माण और स्कूलों में किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

क्षेत्र में विकास और जनहित से जुड़े कार्यों को गति देते हुए आज विभिन्न स्थानों पर महत्वपूर्ण पहलें की गईं। एक ओर जहां श्री सांवलिया गौशाला में वर्मी कम्पोस्ट एवं डी-कम्पोस्ट जैविक खाद निर्माण प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ, वहीं दूसरी ओर शैक्षणिक संस्थानों में नए कक्षों के निर्माण एवं लोकार्पण के कार्यक्रम संपन्न हुए।


श्री सांवलिया गौशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जैविक खाद निर्माण की इस पहल का शुभारंभ उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस पहल का उद्देश्य गौशाला में उपलब्ध गोबर एवं जैविक अपशिष्ट का सदुपयोग कर उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद तैयार करना है। इससे न केवल रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गौशाला समिति के सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने इसे आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और सतत कृषि की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

इसी क्रम में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोडियाजरगर में कंप्यूटर लैब के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। लगभग 46.90 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह कक्ष विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा और डिजिटल सुविधाओं से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही विद्यालय में 16.30 लाख रुपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण भी किया गया, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

## घर बैठे रहे, कटेगा वेतन

# सार्थक एप पर फर्जी हाजिरी वाले 5 स्वास्थ्य कर्मी धराए

**राजगढ़।** स्वास्थ्य विभाग में पारदर्शिता के लिए लागू किए गए 'सार्थक ऐप' को ठगने का प्रयास करने वाले कर्मचारियों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिले के 5 ऐसे कर्मचारी पकड़े गए हैं जो कार्यस्थल पर उपस्थित न होकर घर बैठे ही अपने साथियों की मदद से फर्जी तरीके से हाजिरी लगा रहे थे।



Fake attendance Report -08 April 2026
वीडियो कॉल/ other fake के माध्यम से उपस्तिथि

| | | |
|---|---|---|
| 01 | DH Rajgarh | Dr Himani, District Residency Programme (DRP)- DH Rajgarh Dr Rajneesh Sharma Civil Surgeon |
| 02 | Biaora | NEELU YADAV, STAFF NURSE Dr sourin Dutta CH Biaora |
| 03 | Sarangpur | Nisha Godeniya, AAM-SHC – CHO Dr Manish Chouhan CBMO Sarangpur fake photo |
| 04 | Khilchipur | Reena Verma, AAM-SHC – CHO, Dr Himanshu meena khilchipur |
| 05 | Rajgarh | Harish kumar Lodha, AAM-SHC – CHO Dr Surendra Mittal CBMO Rajgarh Attendance Date - 4th/April/2026 2nd/April/2026 8th/April/2026 |

### पकड़े गए कर्मचारी:

डॉ. हिमानी: जिला अस्पताल राजगढ़
नीलू यादव: स्टाफ नर्स, सिविल अस्पताल ब्यावरा
निशा गोदनिया: एएनएम, सारंगपुर
रीना वर्मा: एएनएम, खिलचीपुर
हरीश कुमार लोधा: एएनएम, राजगढ़

विभाग ने इन सभी को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया है और जिस दिन फर्जी हाजिरी पकड़ी गई, उस दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

# भीषण गर्मी का असर: स्कूलों के समय में बदलाव, अब 1 बजे तक ही लगेंगे स्कूल

## कलेक्टर ने जारी किए आदेश, लू के चलते लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बढ़ रही तपिश और दोपहर में चलने वाली लू की लहरों को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई और आईसीएसई स्कूल अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक ही संचालित होंगे।

पिछले कुछ दिनों से दोपहर के समय पारा चढ़ने और गर्म हवाएं चलने से स्कूली बच्चों को भारी परेशानी हो रही थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई विद्यालय प्रबंधन इन आदेशों की अवहेलना करता है, तो उस पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अक्षय तृतीया पर रहेगी विशेष नजर, सूचना तंत्र सक्रिय

# बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बाल विवाह की कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया है। आगामी अक्षय तृतीया और विवाह के अन्य मुहूर्तों को देखते हुए ग्राम और वार्ड स्तर पर एक मजबूत सूचना तंत्र का गठन किया गया है। इसमें शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सचिव और सक्रिय नागरिकों को शामिल किया गया है।



### सूचना के लिए हेल्पलाइन:

बाल विवाह की किसी भी जानकारी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के नंबर 07372-254360 पर संपर्क किया जा सकता है।

### समितियों को निर्देश

विवाह सम्मेलन आयोजित करने वाली समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे वधु और वर के आयु संबंधी दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करें। यदि किसी सम्मेलन में बाल विवाह पाया जाता है, तो पूरी जिम्मेदारी समिति की होगी और उन पर कानूनी केस दर्ज किया जाएगा।

## एनएसएस के एक दिनी विशेष शिविर का सफल आयोजन

# विद्यार्थियों को समाजसेवा, स्वच्छता और जैविक खेती के बारे में समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बिलोदा पूर्बीया मे बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा समाज सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ ममता खोईया एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरुणा सोलंकी के मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को समाज सेवा के महत्व के बारे में बताया और एनएसएस के उद्देश्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता रैली, तथा ग्रामवासियों के साथ संवाद प्रमुख रहे। स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया । शिविर के दौरान जैविक खाद (जैविक खाध/ऑर्गेनिक कंपोस्ट) के महत्व पर भी विस्तृत चर्चा की गई।विशेषज्ञ के रूप पवन राजपूत उपस्थित रहे । श्रीराजपूत द्वारा छात्रों को जैविक खाद के लाभ, निर्माण प्रक्रिया तथा इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों ने जैविक खाद निर्माण स्थल (प्लांट) का निरीक्षण किया तथा उसके कार्य करने के तरीके को समझा। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने जैविक खाद के निर्माण कार्य में सक्रिय रूप से सहयोग भी प्रदान किया, जिससे उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। शिविर के दौरान छात्रों ने ‌ह्लस्वच्छ भारत ‌झ्र स्वस्थ भारत‌ह्व विषय पर नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रस्तुति भी दी, जिसे स्थानीय लोगों ने सराहा। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में बुनियादी स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। शिविर मे धर्मेंद्र खेरवार सुरेंद्र यादव, धर्मेंद्र वर्मा एवं रोहित सोजानिया का विशेष सहयोग रहा ।

## खुजनेर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

**खुजनेर।** नगर परिषद खुजनेर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ माननीय विधायक अमर सिंह यादव द्वारा किया गया इस अवसर पर विधायक अमर सिंह यादव ने जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के इस महाअभियान में जनसहयोग की अहम भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि ‌ह्लजल ही जीवन है‌ह्व और इसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा उन्होंने नगर के जीर्ण-शीर्ण कुओं एवं बावड़ियों के सुधार के माध्यम से भूजल स्तर बढ़ाने की आवश्यकता बताई कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केदार जी काका एवं अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति निधि भारद्वाज ने भी नागरिकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए मार्गदर्शन दिया।

इस दौरान तहसीलदार विनय रजक, पूर्व नपाध्यक्ष पंकज शर्मा, नपा उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह, पार्षद लोकेन्द्र सिंह, मुकेश यादव, कमल यादव, मुकेश शर्मा, मांगीलाल कल्पोनी, केलाशनारायण यादव, राधेश्याम गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, रामबाबू यादव, पटेल दयाराम यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कृष्णकांत शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत नगर के पार्कों, जल स्त्रोतों, ट्रेंचिंग ग्राउंड, मुक्तिधाम एवं नाले-नालियों की साफ-सफाई के साथ-साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य जनसहयोग से किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने हेतु घरों से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दें, जिससे उसका सही तरीके से निस्तारण किया जा सके।

# स्थापना दिवस पर विधायक व नेताओं ने झाड़ू उठाकर साधा जनसंपर्क

## अस्पताल में सफाई के साथ मरीजों को किया फल वितरण

**कुरावर।** भाजपा स्थापना दिवस के मौके पर नगर में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने झाड़ू उठाकर न केवल परिसर की सफाई की, बल्कि स्वच्छता के जरिए जनसंपर्क साधते हुए लोगों को संदेश भी दिया।



अस्पताल परिसर और बगीचे में विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरे का संग्रह किया गया, जिसे नगर परिषद के वाहनों से उचित निस्तारण के लिए भेजा गया। इस दौरान पानी की टंकी की सफाई भी की गई, जिससे स्वच्छ पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने मरीजों को फल वितरित कर संवेदनशीलता का परिचय दिया। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने अपील की कि लोग अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, डॉ. नरेश गवली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री रामेश्वर नायक, लखन राजपूत, उपाध्यक्ष मुरारी मीणा, पार्षद बद्री लाल कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राजगढ़ मुख्यालय पर गुरुद्वारे के लिए जमीन की मांग, कलेक्टर-एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### प्रशासन से शासकीय भूमि आवंटन की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला मुख्यालय पर वर्तमान में एक भी गुरुद्वारा नहीं है, जिससे सिख समाज को धार्मिक आयोजनों और प्रार्थना में असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए सिख समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसडीएम निधि भारद्वाज से मुलाकात की। समाज ने नगर के समीप किसी उपयुक्त शासकीय भूमि को गुरुद्वारे के लिए आवंटित करने की मांग करते हुए मांगपत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिले के अन्य प्रमुख केंद्रों जैसे ब्यावरा में गुरुद्वारे स्थित हैं, लेकिन मुख्यालय पर इसकी कमी खलती है। यदि प्रशासन जमीन आवंटित करता है, तो समाज जल्द ही भव्य गुरुद्वारे का निर्माण कराएगा। इस दौरान मोना सुस्तानी, धर्मपाल अरोड़ा टिन्नी, बॉबी कौर सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 13 फीट से बड़े वाहनों की निकासी होगी मुश्किल, सौंपा ज्ञापन

# संकरे रेलवे अंडरब्रिज से 29 गांव के लोगों का आवागमन होगा प्रभावित, चौड़ीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

कांकरियाझ्रकुरावर मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज को लेकर क्षेत्र में विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। करीब 29 गांवों के ग्रामीणों और किसानों का आवागमन इस मार्ग से होता है, लेकिन अंडरब्रिज की कम ऊंचाई और संकरी चौड़ाई भविष्य में बड़ी समस्या बन सकती है।

ग्रामीणों के अनुसार छतरपुरा, कांकरिया मीना, चौकी, पिपल्या काजी, मीरूखेड़ी, लसूड़ल्या हाजी, नाईहेड़ी, लश्करपुर, सेमला रामसिंह, झाड़क्या, हिरनखेड़ी, तरेनी धाकड़, बीजवा, मंगतपुरा, सुंडी, साका श्यामजी सहित करीब 29 गांवों के लोग रोजमर्रा की जरूरतों और खरीदारी के लिए कुरावर आते हैं। इसके अलावा किसानों के खेतों तक हार्वेस्टर, ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य बड़े कृषि यंत्र भी इसी मार्ग से गुजरते हैं।



ग्रामीणों का कहना है कि निर्माणाधीन अंडरब्रिज की चौड़ाई निर्माण के बाद लगभग 13 फीट रह जाएगी, जो बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली, हार्वेस्टर और मालवाहक वाहनों को निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। संकरी जगह के कारण दो वाहनों का आमने-सामने से निकलना भी संभव नहीं होगा, जिससे जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी।

किसानों ने आशंका जताई है कि फसल कटाई के समय हार्वेस्टर और अन्य मशीनों की आवाजाही बाधित होगी, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो सकता है। वहीं, बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या और अधिक परेशानी खड़ी कर सकती है।

इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार सुनीता सिंह को लिखित आवेदन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की है। आवेदन में अंडरब्रिज की लंबाई-चौड़ाई बढ़ाने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो यह अंडरब्रिज सुविधा के बजाय बड़ी समस्या बन जाएगा। मांगों की अनदेखी होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। फिलहाल क्षेत्रवासियों की नजर प्रशासन के निर्णय पर टिकी हुई है।

# हज यात्रियों के लिए राहत : 15 अप्रैल से बैंक देगा रियाल करेंसी

## इस साल राजगढ़ जिले से 200 जायरीन जाएंगे मक्का-मदीना



**राजगढ़।** हज की मुकद्दस यात्रा इस महीने से शुरू होने जा रही है, जिसमें राजगढ़ जिले के करीब 200 जायरीन शामिल होंगे। यात्रा की पहली उड़ान 18 अप्रैल को निर्धारित है, लेकिन अब तक यात्रियों को सऊदी अरब की मुद्रा 'रियाल' उपलब्ध नहीं हो पाई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए हज कमेटी ऑफ इंडिया के ट्रेनर एडवोकेट इरशाद खान ने भारतीय स्टेट बैंक (रइक) की राजमहल शाखा के प्रबंधक श्री केलवा से मुलाकात की। बैंक प्रबंधन ने आश्वस्त किया है कि 15 अप्रैल से सभी यात्रियों को रियाल मिलना शुरू हो जाएंगे। यात्रियों को इसके लिए अपना पासपोर्ट, वीजा की प्रति और रइक में पैन कार्ड से लिंक अकाउंट की जानकारी देनी होगी।